**Nai Dunia (Indore), 05th February 2021, Page-5**

# आवाज से कैसे पता लगाएं मशीन की खराबी, सिखाएगा आइआइटी

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर द्वारा मैकेनिकल क्षेत्र से संबंधित व्यक्तियों के लिए विशेष शार्ट टर्म कोर्स शुरू किया जाएगा। 19 से 21 फरवरी के बीच एडवांस इन कंडीशन बेस्ड मेंटेनेंस यूजिंग वाइब्रेशन एंड नाइस मानीटरिंग विषय में शार्ट टर्म कोर्स कराया जाएगा। कोर्स में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर मशीनरी में आने वाले वाइब्रेशन और नाइस के संबंध में प्रतिभागियों को जानकारी देंगे। कोर्स में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 18 फरवरी है। आइआइटी इंदौर की वेबसाइट के माध्यम से कोर्स का शुल्क भरकर प्रवेश सुनिश्चित किया जा सकता है। कोर्स में उद्योगों में कार्य कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विभिन्न संस्थान के प्रोफेसर और विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। उद्योगों के लिए कोर्स का शुल्क 10 हजार रुपये है। फैकल्टी के लिए पांच हजार और विद्यार्थियों के लिए दो हजार रुपये शुल्क रहेगा। कोर्स आनलाइन कराया जाएगा।

कोर्स में मशीनरी में होने वाली आवाज को मानीटरिंग करने की विधियां और इसे कम करने की तकनीकों पर विशेषज्ञ बात करेंगे। इंजन के गियर बाक्स और अन्य उपकरणों से आने वाली आवाज के आधार पर बताया जाएगा कि इंजन या मशीनरी में किस तरह की परेशानी आती है। आइआइटी इंदौर भी वाहनों में आने वाले वाइब्रेशन और आवाज को कम करने पर काम कर चुका है।